**सहकारी ऋण समितियों को केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा दिए गए अनुदान को जमा करना**

4790. **श्री निहाल सिंह :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को उत्तर प्रदेश साधन समिति सचिव परिषद 109-ए, दारुल शफा, लखनऊ द्वारा कोई मांग की गई है कि सहकारी ऋण समितियों को केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा दिये गये अनुदान को संस्थागत जनपदीप संवर्ग निधि में जमा किया जाना चाहिये; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस संबंध में कोई कार्यवाही करेगी ?

**कृषि मंत्री (राव वीरेन्द्र सिंह) :** (क) और (ख). उत्तर प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश सदन समिति सचिव परिषद्, लखनऊ द्वारा इस प्रकार की कोई मांग नहीं की गई है ।

**पशुओं के निर्यात पर प्रतिबन्ध**

4791. **श्री मोतीभाई आर० चौधरी:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रधान मंत्री ने राज्यों के मुख्य मंत्रियों को उनके सम्बद्ध राज्यों से अन्य राज्यों को पशुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के लिये पत्र लिखा था ;

(ख) उसका राज्यवार परिणाम क्या निकला और इसके निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के लिये कानून बनाने वाले अथवा परिपत्र जारी करने वाले राज्यों की संख्या कितनी है ;

(ग) क्या एक राज्य से दूसरे राज्य में विशेषकर गुजरात राज्य से बम्बई में देवनार बूचड़खाने को बैल जैसे पशु बड़ी संख्या में भेजे जाते हैं ;

(घ) क्या गुजरात सरकार को इस को रोकने के लिये तैयार करने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा कोई प्रयास किये गये हैं; और

(ङ) इस संबंध में स्वर्गीय श्री विनोबा भावे को दिये गये आश्वासन को पूरा करने के लिये आगे क्या कार्यवाही की गई है ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) :** (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं होता ।

(ग) और (घ). पशुओं के संरक्षण, सुरक्षा तथा सुधार का विषय संविधान की सातवीं अनुसूची की दूसरी सूची (राज्य सूची) की प्रविष्टि संख्या 15 के अन्तर्गत आता है । तथापि, गुजरात से अन्य राज्यों को पशुओं के अन्तर्राज्यीय संचलन पर प्रतिबंध लगाने के लिये गुजरात सरकार ने एक अध्यादेश जारी करने का प्रस्ताव किया है ।

(ङ) सरकार ऐसे संचलन को रोकने के लिए सभी संभव कदम उठा रही है तथा इस संबंध में सतर्कता बरत रही है ।